भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1049
28 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए

नदी में मत्स्य पालन के लिए योजनाएं

1049. श्री एस. कल्याणसुन्दरमः
श्री एम. मोहम्मद अब्दुल्लाः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा तमिलनाडु के डेल्टा जिलों में मत्स्य पालन में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने नदी में मत्स्य पालन के लिए किसी विशेष योजना की घोषणा की है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) तमिलनाडु राज्य के लिए वर्ष 2019 से वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित, संवितरित और उपयोग की गई है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय देश में मात्स्यिकी के सतत और जिम्मेदार विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक 5 वर्षों की अवधि के लिए प्रमुख योजना अर्थात प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) लागू कर रहा है । पीएमएमएसवाई के तहत, मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2020-21, 2021-22 और 2022-23) और वर्तमान वित्तीय वर्ष (2023-24) के दौरान तमिलनाडु सरकार को 806.33 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें तमिलनाडु में मत्स्य पालन क्षेत्र के विकास के लिए भारत सरकार की ओर से कुल हिस्सेदारी 313.536 करोड़ रुपये है। पीएमएमएसवाई के तहत स्वीकृत परियोजनाओं में से, भारत सरकार ने 40.48 करोड़ रु/- विशेष रूप से तमिलनाडु में अंतर्देशीय मत्स्य पालन विकास के लिए स्वीकृत किए हैं और इसमें डेल्टा जिले जैसे कुड्डालोर, विल्लुपुरम, तंजावुर, तिरुवरूर और नागपट्टिनम शामिल हैं । वर्ष 2020-21 से 2022-23 के लिए तमिलनाडु के डेल्टा जिलों के लिए पीएमएमएसवाई के तहत स्वीकृत और कार्यान्वित अंतर्देशीय मत्स्य पालन विकास योजनाओं का विवरण अनुलग्नक में प्रस्तुत है ।

(ख): पीएमएमएसवाई के अंतर्गत मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, *अन्य बातों के साथ-साथ,* तमिलनाडु सहित कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थायी मात्स्यिकी प्राप्त करने, नदी में फिंगरलिंग्स प्रवेशित कर उत्पादन बढ़ाने, हैबिटैट के पतन को कम करने, जैव विविधता को संरक्षित करने, इष्टतम सामाजिक-आर्थिक लाभ पाने और नदी क्षेत्र की पारिस्थितिकी तंत्र का आकलन करने के उद्देश्य से तमिलनाडु सहित कई राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में रिवर रेंचिंग गतिविधि में सहयोग दिया जाता है। मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने पीएमएमएसवाई के तहत तमिल नाडु सहित कई राज्यों में आज तक 876.02 लाख फिंगरलिंग की रैनचिंग के लिए कुल 26.28 करोड़ रुपये का निवेश और फंड रिलीज मंजूर किया है। इसके अलावा, पीएमएमएसवाई के अंतर्गत खुले जल निकायों जैसे नदी में पेन कल्चर और नदी क्षेत्र में केज की स्थापना और नदी के मछुआरों के लिए नावों और जालों की री प्लेसमेंट करके मछुआरों को सहायता प्रदान की जाती है।

(ग): पीएमएमएसवाई के तहत तमिलनाडु राज्य में नदी में मत्स्यपालन विकास सहित अंतर्देशीय मत्स्यपालन विकास के लिए आवंटित वर्षवार धनराशि नीचे दी गई है:

वर्ष	**अनुमोदित परियोजनाओं के लिए कुल केंद्रीय परिव्यय (रु/- लाख में)**	**अंतर्देशीय के लिए कुल परियोजना परिव्यय (रु/- लाख में)**	**अंतर्देशीय मात्स्यिकी विकास के लिए उपयोग की गई निधियाँ (रु/- लाख में)**
2020-21	2734.00	2872.95	1784.74
2021-22	9836.60	1038.40	155.90
2022-23	18783.00	137.20	-
कुल	**31353.60**	**4048.55**	**1940.64**

*****

अनुलग्नक

वर्ष 2020-21 से 2022-23 के लिए तमिलनाडु के डेल्टा जिलों के लिए प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत स्वीकृत और कार्यान्वित अंतर्देशीय मत्स्य पालन विकास योजनाओं का विवरण

क्रम सं	तमिलनाडु के डेल्टा जिलों में अंतर्देशीय मत्स्य पालन के विकास के लिए योजनाएं	अंतर्देशीय मत्स्य पालन के विकास के लिए जिलेवार अनुमोदित इकाइयाँ (इकाइयाँ/हेक्टेयर)				
		कुड्डालोर	विल्लुपुरम	तंजावुर	तिरुवरुर	नागपट्टिनम
1	मीठे पानी (फ्रेशवाटर) की नई फिन फिश हैचरी की स्थापना	2 इकाईयां	-	2 इकाईयां	एक इकाई	-
2	नए बीज पालन तालाब का निर्माण और कल्चर के लिए इनपुट	3.50 हे॰	2.50 हे॰	7.50 हे॰	4.50 हे॰	2.00 हे॰
3	नए ग्रो आउट तालाबों का निर्माण	20.00 हे॰	15.00 हे॰	22.00 हे॰	19.00 हे॰	11.00 हे॰
4	फ्रेश वाटर एक्वाकल्चर (जल कृषि) के लिए इनपुट	20.00 हे॰	15.00 हे॰	22.00 हे॰	19.00 हे॰	11.00 हे॰
5	इनपुट सहित मीठे पानी के क्षेत्रों के लिए बायो-फ्लोक्क तालाबों का निर्माण	-	-	-	2 इकाइयाँ	-
6	फ्रेश वाटर में री-सर्क्युलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम की स्थापना	एक इकाई	एक इकाई	एक इकाई	3 इकाइयाँ	-
7	फ्रेश वाटर क्षेत्रों के लिए छोटे बायोफ्लॉक इकाइयों की स्थापना	2 इकाईयां	2 इकाईयां	7 इकाइयाँ	4 इकाइयाँ	2 यूनिट

*****